**S-339** Roll No. ……………………..

# MAHL–104

साहित्यशास्त्र एवं हिन्दी समालोचना

M. A. Hindi (MAHL-12/16/17)

First Year, Examination, 2018

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. 'काव्यहेतु के सम्बन्ध में भारतीय तथा पाश्चात्य मतों में कोई विशेष अन्तर नहीं है।' उक्त उक्ति को ध्यान में रखते हुए काव्यहेतु का विवेचन कीजिए।
2. अनुकरण के सम्बन्ध में प्लेटो और अरस्तू की अवधारणाओं की तुलनात्मक समीक्षा प्रस्तुत कीजिए।
3. साधारणीकरण के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए रस-निष्पत्ति के सन्दर्भ में उसकी भूमिका पर प्रकाश डालिए।
4. आई. ए. रिचर्ड्स की 'काव्यमूल्य' विषयक अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. संस्कृत काव्यशास्त्र के अनुसार काव्यभेद अथवा प्रकार बताइए।
2. मार्क्सवाद की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।
3. आचार्य भरतमुनि द्वारा निरूपित रस के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।
4. आधुनिक समीक्षा के अन्तर्गत संरचनावाद का परिचय दीजिए।
5. क्रोचे के अभिव्यंजनावाद और वक्रोक्ति सिद्धान्त के साम्य-वैषम्य को स्पष्ट कीजिए।
6. औचित्य सम्प्रदाय का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसके भेदों पर प्रकाश डालिए।
7. संस्कृत आचार्यों के अनुसार काव्य-लक्षणों पर प्रकाश डालिए।
8. ध्वनि सिद्धान्त के सम्बन्ध में आचार्य आनन्दवर्धन के विचारों पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. भरतमुनि का रससूत्र लिखिए।
2. 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' किस आचार्य का कथन है ?
3. प्लेटो के ग्रन्थ का नाम लिखिए।

4. औचित्य सिद्धान्त के संस्थापक कौन थे ?
5. अभिव्यंजनावाद की स्थापना किसने की ?
6. 'स्वच्छन्दतावाद' का प्रभाव हिन्दी के किस काल की कविता पर सर्वाधिक दृष्टिगोचर होता है ?
7. आचार्य मम्मट ने काव्य के कितने प्रयोजन बताए हैं ?
8. 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' ग्रन्थ के रचयिता कौन हैं ?
9. आचार्य क्षेमेन्द्र ने औचित्य के कितने भेद माने हैं ?
10. 'साधारणीकरण सिद्धान्त' के प्रवर्तक आचार्य का नाम बताइए।